दैनिक भास्कर
इंदौर, बुधवार, 24 फरवरी, 2016

साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में करियर के साथ देश सेवा का भी अवसर

महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में बोले एडीजी नारकोटिक्स कपूर

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कार्यक्रम में छात्राओं को जानकारी देते एडीजी नारकोटिक्स वरुण कपूर।

मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही साइबर अपराध भी बढ़े हैं। इनसे निपटने के लिए जागरूकता जरूरी है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी खुलते जा रहे हैं। विद्यार्थी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। साइबर लॉ, अनुसंधान के क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थी अच्छी नौकरी के साथ ही देशसेवा भी कर सकते हैं।

ये बातें मंगलवार को एडीजी नारकोटिक्स वरुण कपूर ने कही। वे शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में छात्राओं और फैकल्टी को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध के प्रभाव, उसे रोकने के उपाय, काल्पनिक दुनिया में गतिविधि संचालित करने के सुरक्षित उपाय बताते हुए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए, ताकि इंटरनेट का उपयोग अपने लाभ के लिए किया जा सके। पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली करिश्मा गामी और मधुलिका बोरासी को एडीजी ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित भी किया।